वर्ष 1 - अंक 2
गुरुवार 14 नवम्बर 2024 - कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

ग्राम बाघ में

## सरपंच शोहराब पटेल के नेतृत्व में चहुमुखी विकास

रणजीत टाइम्स

आदित्य शर्मा

इंदौर। ग्राम पंचायत बाघ एक समय अपने कचरे के कारण प्रसिद्ध हुआ करती थी परन्तु वर्तमान में स्थिति अलग हे यहां कचरा फेफने एवं करने वालों पर चालानी कारवाही की जाती हे वही क्षेत्र के हाइवे पर कैमरे लगाए गए जिससे छेत्र की निगरानी की जा सके वही क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट लगाई गई हे।

एवं वही पंचायत द्वारा कूड़े को रिसाइकलिंग कर उपयोग करने लायक बनाया गया जिसे रोड पे लगे पेड़ पौधों को सजाया जा सके वहीं कूड़े में आने वाली प्लास्टिक एवं काच की बोतल को कलर कर उन्हें पेड़ पौधे के आसपास पाली बना कर लगाया गया हे जिससे



पेड़ पौधे और आकर्षक दिखे वही हाइवे पे लाइट लगाई गई हे जिससे हाइवे पर लाइट रहे वही धार रोड हाइवे पर लाइट का कार्य प्रगति पर है,वहीं बाघ पंचायत में मुख्य समस्या ड्रेनेज की थी जिसे सोहराब पटेल (सरपंच ) के नेतृत्व में खत्म किया गया एवं वही सोहराब जी पटेल को कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदेश सचिव का पद भी दिया गया है।

## उपराष्ट्रपति ने किया अखिल भारतीय कालिदास समारोह का शुभारंभ

सीएम और राज्यपाल रहे मौजूद

उज्जैन। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उज्जैन में कालिदास समारोह का औपचारिक शुभारंभ किया, यहां पर एमपी के सीएम मोहम यादव और राज्यपाल भी मौजूद रहे, इस दौरान उन्होंने कवि कालिदास के जीवन पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि अद्भुत प्रतिभा के धनी महाकवि कालिदास की अमर कृतियां मानव तथा प्रकृति के अटूट संबंधों का अनुपम उदाहरण हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 66वें भव्य अखिल भारतीय कालिदास समारोह का विद्वतजनों की उपस्थिति में गरिमामय शुभारंभ किया, उपराष्ट्रपति ने कहा कि ये हमारे 5000 वर्षो की सांस्कृतिक विरासत है, उन्होंने आगे कहा,



"उज्जैन नगरी को मेरा कोटी-कोटी वंदन,

"उज्जैन नगरी को मेरा कोटी-कोटी वंदन, धार्मिक नगरी के इस ऐतिहासिक क्षण को मैं हमेशा याद रखूंगा."

### राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने की अध्यक्षता

समारोह की अध्यक्षता प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने की. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की समारोह में गरिमामय उपस्थिति रही, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस अवसर पर कहा कि महाकवि कालिदास की अमर कृतियां मानवीय भावों को अद्भुत रूप से प्रदर्शित करती हैं, मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी संबोधित किया, कालिदास समारोह में देश भर के ख्यातनाम कलाकार हिस्सा ले रहे हैं।

## बीएचएम आरसी को एम्स में नहीं करेंगे मर्ज

गैस त्रासदी से जुड़े मामलों की सुनवाई के दौरान मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया कि भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बीएचएमआरसी) को एम्स में मर्ज नहीं किया जाएगा।

**भोपाल**। गैस त्रासदी से प्रभावित लोगों के उपचार के लिए बने इस अस्पताल को एम्स में विलय करने की मांग पर सरकार ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग ने पहले ही इसे अस्वीकार कर दिया है। जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ के समक्ष केंद्र ने कहा कि गैस पीड़ितों का डेटा डिजिटाइज करने के लिए टेंडर जारी किया गया था, लेकिन सिर्फ एक कंपनी की बोली आने के कारण उसे रद्द कर दिया गया है। जल्द ही नया टेंडर जारी किया जाएगा। अदालत ने अगली सुनवाई 9 दिसंबर को निर्धारित की है।

भोपाल गैस त्रासदी मामले में केंद्र की तरफ से दी गई जानकारी

### गौरतलब है कि

सुप्रीम कोर्ट ने 2012 में भोपाल गैस पीड़ितों के उपचार और पुनर्वास के लिए 20 निर्देश जारी किए थे और इनकी निगरानी के लिए एक समिति का गठन किया था। कोर्ट के निर्देश थे कि यह समिति हर तीन महीने में रिपोर्ट पेश करेगी, जिसके आधार पर हाईकोर्ट केंद्र और राज्य सरकार को निर्देश देगा। इस दौरान मॉनिटरिंग कमेटी की सिफारिशों का पालन न होने पर अवमानना याचिका भी दायर की गई थी।

### सरकार की ओर से अधिवक्ता विक्रम सिंह ने बताया

बीएचएमआरसी में डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ के 70 प्रतिशत से अधिक पद भर दिए गए हैं। अदालत ने सरकार से बीएचएमआरसी को एम्स में मर्ज न करने के संबंध में लिखित जवाब दाखिल करने का निर्देश भी जारी किया।

# प्रदेश अध्यक्ष पटवारी के समक्ष उठी नए कांग्रेस जिला अध्यक्ष की मांग

### भरावा का स्वास्थ हाल जानने नामली पहुंचे थे पटवारी



नामली /प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी मंगलवार को किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश भरावा के हाल जानने नामली निवास स्थान पहुंचे और उनके स्वास्थ की जानकारी ली ज्ञात है है कि कोरोना काल के समय से उनके एक पांव से चलने में तकलीफ हो रही थी जिसके बाद मुम्बई में पीडी हिंदुजा अस्पताल में सफल आप्रेशन के बाद घर पर ही स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे जिसकी जानकारी मिलते ही प्रदेश कोंगेश अध्यक्ष जीतू पटवारी अपने काफिले के साथ भरावा के निवास स्थान पहुंचे जहां पर पूर्व सहकारिता अध्यक्ष अशोक राठौड़ ने पटवारी के समक्ष लंबे समय से रिक्त पड़े कांग्रेस जिला अध्यक्ष पद के बारे जानकारी देते हुए शीघ्र नए जिले को नया अध्यक्ष देने को बात कही जिस पर पटवारी ने कहा कि इंतजार जल्द खत्म होगा मंथन चल रहा हे जमीन पर काम करने वाला जिला अध्यक्ष देंगे वही पटवारी ने पत्रकारों से अपने डाकुओं वाले बयान पर कहा कि यह मेरा बयान बिल्कुल सही हे भाजपा के नेता अब चोर डाकुओं के साथ ले रहे हे इनमें अब नैतिकता नहीं बची जिसके बाद पटवारी का काफिला रवाना हो गया इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक शर्मा पूर्व सहकारिता अध्यक्ष अशोक राठौड़ पार्षद राजेश चौहान,सुखदेव गहलोत, दिलीप सिंह सोलंकी,सुशील नागर सहित बड़ी संख्या में नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# न्याय से दण्ड तक

### दोगले भ्रष्ट तत्वों को ईश्वरीय और न्यायालयीन दण्ड भुगतना पड़ेगा

**जन चर्चा अनुसार फर्जीवाड़े, कदाचरण तथा भ्रष्टाचार की सभी हद पार कर साढ़े सात सौ साल पुरानी रियासत कालीन श्रापित संपत्ति हड़पने वालों के पक्ष में नियम कायदों के विरुद्ध दूषित नामांतरण आदेश पारित करने वाले कुख्यात राजस्व अधिकारियों को दण्ड अवश्य भुगतना होगा।**

इस शहर का दुर्भाग्य है कि ज़िला मुख्यालय की दो तीन शेष रहे गौरवशाली पहचान चिन्हों को बेच खाने वाले जागीरा गैंग के मोहरे बन गए कतिपय जवाबदेह तत्वों के इस विध्वंस इरादों को समझने की जरूरत हैं। इन तत्वों में दो तीन प्रभावशाली अधिकारी और चरण पूजन में माहिर गिनती के पांच दस तत्व, जिले की दस लाख से अधिक जनसंख्या वाले नागरिकों को इस विध्वंस के दुष्परिणामों से इतर सूचना देने में जुटे व्यस्त हैं, आने वाली पीढ़ी को हमारे ये जन उपयोगी गौरव चिन्ह नहीं दिखेंगे, जागीरा गैंग की कुछ निजी अट्टालिका जरूर दिखेगी। इस साज़िश में शामिल कुछ पेट भरे जवाबदेह स्वार्थी सक्षम गुर्गों को सोने के सिक्कों की खनक का जबरन का मायाजाल दिखाया जा रहा हैं, वहीं फर्जी दर्ज़ियों द्वारा शब्दों के मायाजाल से फटे बेहाल जिला बनाने के लिए जवाबदेह अधिकारी को महिमा मंडित किया जा रहा हैं। जबकि हमारी प्रतिष्ठित स्थितियों को ख़राब करने हेतु अनेक साजिशें की जा रही हैं, कुछ भीखमंगे गुर्गों को भीख देकर झूठ के पुलिंदे फेंके जा रहे हैं, इनका भी हिसाब समय पर बेहतर से किया जाएगा। बहरहाल आलीराजपुर रियासत कालीन संपत्तियो को हड़प लेने के लिए धोखाधड़ी कर बनाई गई वसीयत की सच्चाई को अदालत की प्रॉबेट से साबित होने से बचाने के लिए ज़िले के वरिष्ठ अधिकारी राजस्व विभाग को अपनी बंदी बनाए हुए हैं। इनमें से एक भ्रष्ट तो आने के समय से जहां से आया था वहीं जाने के लिए तैयार बैठा था कि इसे एक हज़ार करोड़ की संपत्तियों के फर्जी नामांतरण मामले का जैकपॉट लग गया, और भ्रष्ट अनुभवी दूरदर्शिता के चलते यहीं रूक गया, इस मामले में जमकर रिश्वतखोरी कर ली थी, अब उसके पास येन केन प्रकारेण मामला डिसाइड करने हेतु आ गया है पुनः जबरजस्त बड़ा हिस्सा मिलने की स्थिति लंबित है, ये मुंगेरी सपनों में ही खोया रहता हैं। ध्यान रखना मुंगेरी ये स्थिति ईश्वर की असीम कृपा से लंबित ही रहेगी, तुम जैसे गुर्गों की हर साज़िश से जनहित में समर्पित भक्त परिचित और परीक्षित हैं साथ ही सही दिशा में हर सच्चाई को उजागर करने में सक्षम हैं। विदित हो कि भ्रष्ट तिकड़ी ने पहले तो तहसील न्यायालय में प्रभारी नायब से भ्रष्टाचार की इंतहा पार करते हुए, नियम कायदों के विरुद्ध मनमर्जी से कदाचरण कराते हुए दूषित आदेश पारित करा लिए, बता दे कि ये आदेश इन्हीं दो वरिष्ठ भ्रष्टों ने बनाया था, पारित मात्र छोटे भ्रष्ट से कराया था। खैर जब माननीय उच्च न्यायालय से इन भ्रष्टों के कुकर्म आदेश को कार्यान्वित होने पर स्टे आया तो बौखलाए इन भ्रष्ट अधिकारियों की सलाह पर दो याचिकाकर्ता में से एक को जागीरा गैंग ने ख़रीद लिया। बेचारे को जयचंद बनाकर, सुनहरे सपने दिखाकर फ़कीर से सामंत बनाने का वादा करते हुए उच्च न्यायालय में सरेंडर कराया गया की वह तहसील न्यायालय के दूषित नामांतरण आदेश के खिलाफ़ प्रोसिजर से अपील करेगा।

> एक हज़ार करोड़ की संपत्तियों के फर्जी नामांतरण मामले का जैकपॉट

## झोलाछाप डाक्टर एवं अवैध क्लीनिक के कथित आरोपी चिकित्सक पर आपराधिक प्रकरण कायम करने की मांग



भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव सहित प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग,पुलिस महानिर्देशक पुलिस मुख्यालय,संचालक लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग,कलेक्टर अनूपपुर,पुलिस अधीक्षक अनूपपुर को पत्र लिखकर जैतहरी थाना अन्तर्गत क्योंटार ग्राम में झोलाछाप डाक्टर एवं अवैध क्लीनिक के कथित आरोपी चिकित्सक पर आपराधिक प्रकरण कायम किये जाने की मांग की है।

उन्होंने अपने पत्र में लेख किया है कि मध्यप्रदेश सरकार ने झोलाछाप डाक्टर व अवैध क्लीनिक संचालनकर्ताओं पर कठोर कार्यवाही करने का आदेश दिया है।किन्तु अनूपपुर जिले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जांच की नौटंकी कर कुछ प्रकरणों में पुलिस थाना जैतहरी में लिखित शिकायत दर्ज कराया है।किन्तु पुलिस ने किसी भी झोलाछाप डाक्टर व अवैध क्लीनिक पर आज दिनांक तक कोई अपराध पंजीबद्ध न कर लाखों रूपये झोलाछाप व अवैध क्लीनिकों से वसूल किया है।इस तरह म.प्र.शासन के आदेश की धज्जियां उडाते हुए जनजीवन से खिलवाड का प्रत्यक्ष प्रमाण मिला है।

दिनांक 07/11/2024 को जैतहरी थाना के क्योंटार ग्राम में संचालित अवैध क्लीनिक व झोलाछाप कथित डाक्टर यशवंत रजक के इलाज के तुरन्त बाद संतोष राठौर की मृत्यु हो गई।यह घटना सभ्य समाज के लिए व म.प्र.सरकार के स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग के माथे पर कलंक है। ज्ञात हुआ है कि घटना के चार दिन बाद जैतहरी पुलिस ने अपराध क्रं 417/24 म.प्र.आयुर्विज्ञान अधिनियम 1956, 195 की धारा 24 में अपराध दर्ज किया है।प्रथम दृष्टि में एक सर्व सुविधा युक्त क्लीनिक बनाकर अनेक एलोपेथी दवाइयां व उपकरण रखकर खुलेआम संचालित कर रहा था,ऐसे जालसाज व धोखाधड़ी करने वाले अपात्र झोलाछाप पर पुलिस ने प्रथम दृष्टया धारा नहीं लगाया है,प्रकरण में भारी भ्रष्टाचार व लेन देन 100 प्रतिशत सुनिश्चित है।पुलिस अन्य विवेचना अधिकारी से या पुलिस अधीक्षक स्वंय निगरानी कर न्याय दिलाने पहल करे।यह धारा अपराधी को बचाने एवं हत्या के प्रयास को खुला संरक्षण है,ऐसा प्रतीत होता है कि स्वास्थ्य विभाग एवं जैतहरी पुलिस ने लाखो रूपये का सौदा कर कथित झोलाछाप डाक्टर को अभयदान दिया है।यह एक सामान्य बात है कि एक फर्जी एवं अपात्र चिकित्सक बनकर खुलेआम इलाज करने वाले पर प्रथम सूचना रिपार्ट के आधार पर जालसाज,घोखाधडी एवं हत्या के प्रयास जैसे धारा न लगाकर अपराधी को और निरीह,गरीब,किसान की इलाज कर हत्या करने के लिए अवसर प्रदान किया।

# पत्रकार समाज को
## दिशा प्रदान करता है:मंत्री परमार

**आयोजन में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने सहित 21 सूत्रीय मांगे रखी गई पत्रकार समाज को दिशा देता है।**

अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह भी मंचासीन थे।मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा समाज को आईना दिखाने का काम पत्रकार करते है।




समाज की समस्याओं को सामने लाकर प्रशासन और सरकार तक अपनी बात पहुंचाने में कई कष्ट झेलता है। संघर्ष शील पत्रकार साथियों को हर स्थिति में साथ खड़े रहकर मदद करना संगठन का उद्देश्य है। समाज की बुराइयों को उजागर करने का काम पत्रकारों का है, कारवाई कराने का जिम्मा प्रशासन, सरकार का है। पत्रकारों को चौथा स्तंभ कहना अलग बात है, लेकिन संविधान में ऐसा कोई उल्लेख या विशेष अधिकार नहीं है। हमको जनोन्मुखी व समाजोन्मुखी पत्रकारिता करना चाहिए। बलात्कार और जघन्य अपराधों की खबरें समाज को कोई शिक्षा नहीं देती, इसलिए ऐसी खबरों का स्थान मीडिया में कम होना चाहिए, क्योंकि नकारात्मक खबरे परिवार और संस्कृति को प्रभावित करती है। शाजापुर विधायक अरुण भीमावद ने भी संबोधित करते हुए संगठन की महत्ता पर अपनी बाते रखते हुए सभी को आयोजन की शुभकामनाएं दी। जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसौदिया, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक नायक,भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेन्द्र सिंह (बंटी बना)काग्रेस जिला

**पत्रकारों ने वर्तमान काल में इस सम्मेलन के माध्यम से अपनी मांगे रखने के साथ ही पत्रकारिता के तरीके में सुधार कर जनोन्मुखी व समाजोन्मुखी पत्रकारिता करने का आह्वान किया है, वो सराहनीय है।**

समाज में पर्यावरण रक्षा के लिए पॉलीथिन पर प्रतिबंध स्वेच्छा से उसका उपयोग स्वयं बंद कर दूसरों को प्रेरित करने का आह्वान मंत्री ने उपस्थितजनों से किया। उन्होंने स्थानीय पत्रकारों की विशेष मांग पर शुजालपुर में पत्रकार भवन के लिए दस लाख रुपए देने व भूमि चिन्हित कराने में सहयोग की घोषणा भी की। प्रदेश महासचिव सुनील त्रिपाठी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रदेश कोषाध्यक्ष शिशुपाल सिंह तोमर ने संगठन का वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन किशोर खन्ना ने तथा आभार प्रदेश कार्यकारी महासचिव सत्यनारायण वैष्णव ने व्यक्त किया ।

### नए साल के पहले

# भाजपा में होगा संगठन परिवर्तन

**नगर ,मंडल और जिलाअध्यक्ष की दौड़ हुई तेज सबके अपने- अपने समीकरण**

**भारतीय जनता पार्टी में संगठन चुनाव को लेकर प्रक्रिया शुरू हो गई है। बूथ लेवल के बाद मंडल और फिर जिला लेवल पर अध्यक्षों के चुनाव होने हैं। हालांकि यह चुनाव कम चयन की प्रक्रिया अधिक होगी ।**

क्योंकि पार्टी की कोशिश है कि ज्यादातर नियुक्तियां सहमति के आधार पर हो। ऐसे में मंडल अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष को लेकर दावेदारों द्वारा प्रयास तेज कर दिए गए है। क्योंकि अनूपपुर भारतीय जनता पार्टी के संगठन की दृष्टि से नगर है । ऐसे में यहां पर मंडल स्तर पर शहर और ग्रामीण के दो अध्यक्ष बनाए जाने की व्यवस्था है। जिसको लेकर दोनों ही स्तरों पर नेताओं द्वारा अपनी गोटियासेट की जा रही हैं।

अध्यक्ष पद को लेकर एक ओर जहां शहर में एक अलग समीकरण है वही ग्रामीण में अलग बिंदुओं पर चयन की बात हो रही है। जहां नगर को लेकर कहा जा रहा है कि इस बार जातिगत फैक्टर के हिसाब से सामान्य वर्ग को मौका मिल सकता है, वही ग्रामीण में पिछड़े वर्ग की दावेदारी मजबूत बताई जा रही है। हालाकि भारतीय जनता पार्टी अब जिस लाइन पर राजनीति कर रही है उसमें इस तरह के जातिगत फैक्टर कभी-कभी बेमानी साबित हो जाते हैं। जिसका उदाहरण जिला अध्यक्ष पद एवं विधानसभा

## शक्ति संतुलन की होगी कोशिश

वर्तमान समय में एक विधायक को छोड़कर नीचे से लेकर ऊपर तक भाजपा काप्रतिनिधित्व है। ऐसे में कुछ जनप्रतिनिधि शक्तिशाली है तो कुछ अपनेआप को शक्ति का केंद्र बनाने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में नगर और ग्रामीणअध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष की नियुक्ति कोलेकर सब अपने अपने स्तर पर अपने लोगों को बैठने के लिए तैयारी भी कर रहे हैं। लेकिन कई महीनो से शक्ति असंतुलन का मामला सामने आ जाने के बाद संगठन के भी कानखड़े हो गए हैं।

**पार्टी भोपाल से लेकर जिला स्तर तक संतुलन को बनाने को लेकर निर्णय ले सकती है**

यदि जिला अध्यक्ष की बात करें तो यहां 3 विधानसभा सीटों में से 2 पर भाजपा के विधायक है। इनके अलावा कैबिनेट स्तर के दर्जा प्राप्त माननीय भी है लेकिन तीनों की अलग-अलग दिशाएं हैं। अध्यक्ष को लेकर उम्मीद कीजा रही है कि दो पुराने विधायकों की सहमति पर किसी एक नाम को लेकर में सहमति बन सकती है लेकिन जो एक नए विधायक है वह किस दिशा में जाएंगे किसका समर्थन करेंगेयह कहना मुश्किल है। उम्मीद की जा रही है कि दिल्ली दरबार में नई-नई हाजिरी लगाने वाले माननीय की जिला अध्यक्ष में ज्यादा चल सकती है। लेकिन माननीय जी भी अब भाजपा का हिस्सा है। लेकिन अभी उन्होंने भाजपा की अंदरूनी राजनीति में दखल नहीं दया है। क्योंकि पिछला संगठन चुनाव के वक्त वे दूसरे दल में थे। वही सांसद की बात करें तोकहीं न कहीं न्यूट्रल दिखाई दे रही हैं और वह अपने आप को अपनी लोकसभा तक ही सीमित रखना चाहती हैं।

का चुनाव है जहां भाजपा ने अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्ति को जिला अध्यक्ष एवं पिछड़े वर्ग चेहरे को विधायक की टिकट देकर मंत्री भी बना दिया ऐसे में सिर्फ कयास लगाए जा सकते हैं, स्पष्ट कुछ भी नहीं कहा जा सकता।

# नए साल में बुजुर्गों को मिलेगा सीनियर सिटीजन कांप्लेक्स

इंदौर

**शहर में बुजुर्गों के लिए इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) द्वारा पहली बार सीनियर सिटीजन कांप्लेक्स का निर्माण कराया जा रहा है।**

नए साल में इस कांप्लेक्स की सुविधा मिल सकेगी। यहां पर आधुनिक सुविधाएं जुटाई गई हैं। सेहत और तंदुरुस्ती का ख्याल रखते हुए फिजियोथैरेपी सेंटर, योगा कक्ष, डॉक्टर रूम और जरूरी वस्तुओं की दुकानें भी बनाई गई हैं।इमारत का 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और अब फिनिशिंग का कार्य किया जा रहा है। आईडीए ने 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए सीनियर सिटीजन कांप्लेक्स का निर्माण करीब दो साल पहले शुरू किया था।निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है और सभी काम आने वाले माह तक पूरे कर लिए जाएंगे। बहुमंजिला कॉम्प्लेक्स में 32 फ्लैट एक और दो बीएचके के बनाए गए हैं। इसके अलावा पार्किंग के लिए भी तल मंजिल पर सुविधा दी गई है। कांप्लेक्स में दो आधुनिक लिफ्ट और अन्य सुविधाएं रहेंगी। पूरे कांप्लेक्स में फिसलन रहित फ्लोर बनाए गए हैं।

## शहर में पहली बार ये सुविधाएं दी जा रहीं

इंदौर में पहली बार बुजुर्गों के लिए कॉम्प्लेक्स बनाया जा रहा है। 60 साल की उम्र पूरी कर चुके बुजुर्गों को ही इन फ्लैट का आवंटन किया जाएगा। अब तक पुणे और बेंगलुरू में इस तरह के सीनियर सिटीजन कांप्लेक्स संचालित हो रहे हैं।

## अकेले रहने वाले बुजुर्गों को मिलेगा परिवार

जिन बुजुर्गों के बच्चे नौकरी या अन्य कार्य के कारण दूसरे शहरों या विदेश में रहते हैं, ऐसे बुजुर्गों को इस कांप्लेक्स में परिवार मिल सकेगा। कांप्लेक्स में अन्य गतिविधियों के लिए भी कक्ष बनाए गए हैं।तैयार की जा रही योजना आईडीए अधिकारियों का कहना है कि इस साल के आखरी तक कांप्लेक्स का काम पूरा हो जाएगा। संचालन को लेकर अभी तक योजना नहीं बनी है। जल्द ही संचालन के नियम और शर्तें तय होंगी और बोर्ड बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा। अफसरों का कहना है कि कॉम्प्लेक्स के फ्लैट का विक्रय या किराए पर दिया जा सकता है।

## सेज यूनिवर्सिटी के छात्र ने शिवाय हॉस्टल में लगाई फांसी

इंदौर। सोमवार की रात भंवरकुआं इलाके के एक हॉस्टल में स्टूडेंट ने फांसी लगा ली। वह दो महीने की छुट्टी के बाद हॉस्टल आया था। सेज यूनिवर्सिटी में बीटेक की पढ़ाई कर रहा था। भंवरकुआ पुलिस ने बताया रात करीब 9 बजे संवाद नगर स्थित शिवाय हॉस्टल में रजत सोनी (20) निवासी मंदसौर ने आत्महत्या कर ली। वह सेज यूनिवर्सिटी में बीटेक की पढ़ाई कर रहा था। रजत की मां और बहन है। मां मंदसौर में आंगनवाड़ी में काम करती है। हॉस्टल ने अन्य छात्रों ने बताया शाम को रजत की मां ने उसके दोस्त को कॉल पर बोला की रजत कॉल नहीं उठा रहा है। आप एक बार देख लो। जिसपर उसके दोस्त ने दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई जवाब नहीं आया। जिस पर दोस्त ने हॉस्टल के अन्य छात्रों को बुलाकर दरवाजा खोला तो देखा कि रजत रूम में लटका है। उसने चादर से फंदा बनाकर पंखे के पास बांध दिया था। पुलिस को मौके से रजत का एक की पैड मोबाइल मिला है।

## सत्य साईं चौराहा से न्याय नगर रोड़ पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही, कालोनी में सार्वजनिक मार्ग बंद कर लगवाए गए गेट भी हटवाये

इंदौर। कलेक्टर आशीष सिंह के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश पर इंदौर में यातायात को सुगम बनाने के लिए लगातार विशेष प्रयास किए जा रहे है। राजस्व, पुलिस एवं नगर निगम द्वारा लगातार अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है। एसडीएम कल्याणी पांडे के नेतृत्व में आज सत्य साईं चौराहा से न्याय नगर रोड़ पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। एसडीएम पांडे ने बताया कि यातायात को सुगम बनाने के लिए सत्यसांई चौराहे से न्याय नगर मार्ग पर प्रशासन व नगर निगम द्वारा कार्यवाही जारी रखते हुए कई अवैध अतिक्रमण हटाए गए। साथ ही IDA द्वारा पूर्व में बनाई गई कालोनी में सार्वजनिक मार्ग को बंद करते हुए वहाँ गेट लगा दिये गए थे, जिन्हें भी हटवाने की कार्यवाही की गई। इससे मुख्य मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा। उन्होंने बताया अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# बेखौफ हुए अपराधी

### सरेआम हो रही हत्या और डकैती जैसी घटनाएं

**ग्वालियर। इन दिनों अपराध की घटनाओं से हिल गया है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। विपक्षी प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उंगली उठाते दिख रहे हैं। शहर में मर्डर, लूटपाट के प्रयास, फिरौती, डकैती, अपहरण और साइबर हमले जैसी घटनाएं आम हो गई हैं।**

**इसके कारण आम जनता दहशत में जीने को मजबूर है।विपक्षी दल आरोप लगा रहे हैं कि सरकार की शह पर अपराधी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पुलिस को सख्ती से काम कार्रवाई करने की बात कह रही है। और छोटे-छोटे अपराधों को भी गंभीरता से लेने की बात कही जा रही है।**

खुलेआम में हत्या हुई आमबात-ग्वालियर में बढ़ते अपराध का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आए दिन अपराधी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। चाहे गैंगवार हो, धमकी देना हो या खुलेआम हत्या करना हो, अपराधियों में कानून का कोई खौफ नहीं दिखाई देता।हाल ही में हुई कुछ घटनाएं इस बात का जीता-जागता उदाहरण हैं। हजीरा थाना क्षेत्र में आधी रात को गैंगवार की घटना हुई, जिसमें बदला लेने के लिए एक गुट ने दूसरे गुट पर गोलियां चला दीं। मुरार थाना क्षेत्र में एक जिला बदर बदमाश ने कई दिनों तक अपने पड़ोसी को धमकाया, लेकिन सीसीटीवी फुटेज होने के बावजूद भी पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया।

# जमीन विवाद में एक ही परिवार में मारपीट...एक की मौत, एक गंभीर घायल

देवास। जिला मुख्यालय से करीब 10 किमी दूर बरोठा रोड स्थित ग्राम सिरोल्या में जमीन विवाद को लेकर एक ही परिवार के लोगों के बीच बुधवार को जमकर मारपीट हो गई। इसमें कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। विवाद की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और डायल-100 वाहन से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया।यहां जांच के बाद डाक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया वहीं एक अन्य घायल को प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर कर दिया गया। बरोठा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बाहरी क्षेत्र में है खेत

देवास जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार 46 वर्षीय सिरोल्या युवक को दोपहर करीब पौने एक बजे लाया गया था, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। उधर यह भी जानकारी सामने आई है कि जहां पर विवाद हुआ है, वो खेत गांव के बाहरी क्षेत्र में है।